RAF SECTOR

NEWS CLIP

17/01/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

CRPF
@crpfindia

Union Home Minister Shri @AmitShah laid the foundation stone of 97Bn @RAFCRPF campus and performed Bhoomi Poojan at Bhadrawati, Shivamogga, Karnataka.

Swatantra lekhani, Lucknow (U.P)

आर.ए.एफ.91 वाहिनी ने आयोजित किया सिविक एक्शन प्रोग्राम

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित 91 वीं बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) के कमांडेंट अमिताभ कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को बटालियन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समाज और शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी दिखाते हुए चंद्रावल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में कंप्यूटर उपलब्ध करवा कर समाज तथा शिक्षा के शुभचिंतक होने का संदेश दिया। इस कार्य को लेकर चंद्रावल ग्राम प्रधान बृजेश यादव और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उषा त्रिपाठी के अलावा ग्राम वासियों व अन्य शिक्षकों ने आरएएफ की काफी सराहना की। इस मौके पर आयोजित समारोह में कमांडेंट अमिताभ कुमार ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के विशेष अंग के तौर पर कानून एवं व्यवस्था की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाली द्रुत कार्य बल ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए बच्चों में तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए चार कंप्यूटर वितरित किए हैं। कमांडेंट अमिताभ कुमार ने बताया कि आरएएफ का लक्ष्य ना केवल देश में कानून व्यवस्था बनाए रखना है, बल्कि सामाजिक विकास के दायित्वों का निर्वहन भी करना है। इस दौरान बटालियन के कमांडेंट राम प्रकाश यादव, सर्वेंद्र सिंह व रोहित कुमार पाठक, सहायक कमांडेंट राजेश कुमार मौर्य के अलावा कार्यक्रम में तमाम ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।